# इस साल 2970 करोड़ निवेश करेंगी 73 नई एमएसएमई

## नई इकाइयों से करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद

नोएडा। जिले में एमएसएमई सेक्टर तेजी से मजबूत हो रहा है। 2026 में जिले के एमएसएमई क्षेत्र में करीब 2970 करोड़ रुपए का निवेश प्रस्तावित है। यह निवेश 73 नई इकाइयां करेंगी, जिससे करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। प्रशासनिक स्तर पर जमीन आवंटन की प्रक्रिया का रास्ता भी साफ हो गया है।

जिला उद्योग अधिकारी के अनुसार, जिले में एमएसएमई सेक्टर लगातार विस्तार कर रहा है। विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग, पैकेजिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग और सर्विस सेक्टर से जुड़ी इकाइयों के आने की संभावना है। जिले भर में प्राधिकरण और संबंधित विभागों ने इस साल अपना उद्योग शुरू करने के लिए 73 इकाइयों को जमीन देने की राह खोल दी है। इस साल हुए यूपी ट्रेड शो के तहत एमएसएमई मंत्रालय के साथ एमओयू साइन किया था।

**पांच साल में लगीं 1.68 लाख इकाइयां :** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच वर्षों में जिले में 1.68 लाख से अधिक उद्योग पंजीकृत हुए हैं। इन उद्योगों के जरिए करीब 18 लाख लोगों को रोजगार मिला है। यह आंकड़ा जिले को प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में शामिल करता है। ब्यूरो



सेक्टर -8 स्थित वस्त्र उद्योग I फाइल

| साल | पंजीकरण | रोजगार |
|---|---|---|
| 2021-22 | 20632 | 220491 |
| 2022-23 | 22430 | 270185 |
| 2023-24 | 29640 | 347307 |
| 2024-25 | 47095 | 469066 |
| 2025-26 | 49070 | 492473 |
| कुल | 168867 | 1799522 |

"उद्यमी जिले में एमएसएमई सेक्टर में तेजी से निवेश कर रहे हैं। नोएडा का बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। -**पंकज निर्वाण, जिला उपायुक्त, उद्योग, गौतमबुद्ध नगर**